RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 18 सितंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 145 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# मराठवाड़ा जल ग्रिड परियोजना से दूर हो सकती है सूखे की समस्या

# सीएम ने पीएम मोदी से की ये अपील...

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि केंद्र सरकार मराठवाड़ा क्षेत्र में उनके महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट जल ग्रिड परियोजना के लिए आर्थिक मदद देगी। सीएम ने पीएम मोदी के 73वें जन्मदिन के मौके पर कई सामाजिक योजनाओं का भी एलान किया। छत्रपति संभाजीनगर में मराठवाड़ा मुक्ति दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए सीएम शिंदे ने ये बात कही।



**सीएम ने केंद्र से की मदद की अपील**

सीएम शिंदे ने कहा कि ह्यहम मानसून के दौरान बहने वाले पानी को गोदावरी नदी बेसिन की तरफ मोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। राज्य सरकार ने इसके लिए 15 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। हमने पीएम मोदी से भी अपील की है कि केंद्र सरकार भी इस प्रोजेक्ट में मदद करे। मुझे उम्मीद है कि हमें केंद्र सरकार की मदद मिलेगी।' सीएम ने कहा कि राज्य सरकार ने क्षेत्र के विकास के लिए सैंकड़ों करोड़ रुपये आवंटित किए थे, जिनसे मराठवाड़ा में सड़के और अन्य विकास कार्य किए जाएंगे। उन्होंने मराठवाड़ा के लोगों से वादा किया आने वाले दिनों में हालात बेहतर होंगे।

सीएम शिंदे ने मराठवाड़ा क्षेत्र के विकास के लिए 45 हजार करोड़ रुपये के पैकेज का एलान किया। साथ ही सिंचाई परियोजनाओं के लिए 14 हजार करोड़ रुपए भी मंजूर किए गए हैं। सीएम ने पीएम मोदी के जन्मदिन के मौके पर नमो 11 सूत्रीय योजनाओं का भी एलान किया। इनमें नमो वूमेन एंपावरमेंट कैंपेन के तहत 73 लाख महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इनमें से 40 लाख महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाएगा और 20 लाख महिलाओं को शक्ति समूह से जोड़ा जाएगा।

## इन योजनाओं का भी किया एलान

**नमो श्रमिक कल्याण कैंपेन के तहत 73 हजार श्रमिकों को सेफ्टी किट दी जाएगी। नमो तालाब फार्म योजना के तहत 73 हजार तालाब का निर्माण किया जाएगा, जिससे जल क्षमता बढ़ेगी। इनके अलावा मो आत्मनिर्भर और सौर ऊर्जा योजनाओं से 73 हजार गांवों को पानी, कृषि के मामले में आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। साथ ही गरीबों के लिए पक्के मकान बनाए जाएंगे। नमो ग्राम सचिवालय योजना के तहत 73 नई ग्राम पंचायत बनाई जाएंगी। नमो आदिवासी स्मार्ट स्कूल योजना, नमो दिव्यांग शक्ति योजना, नमो स्पोर्ट्स ग्राउंड योजना आदि की शुरूआत की जाएगी।**

# महाराष्ट्र में 'काला जादू' अनुष्ठान में महिला से दुष्कर्म के आरोप में 5 गिरफ्तार



**पालघर** : महाराष्ट्र के पालघर जिले में ''परिवार की शांति और सफलता के लिए'' ''काला जादू'' अनुष्ठान के तहत कई वर्षों तक एक 35 वर्षीय महिला के साथ कथित तौर पर बार-बार दुष्कर्म करने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ये संदिग्ध, जो पीड़िता के पति के दोस्त हैं, ने उसके घर में कथित ''वास्तु संबंधी गलतियों'' को खत्म करने और काले जादू की अनुष्ठानों के माध्यम से बुरे मंत्रों का प्रतिकार करने का वादा किया और फायदा उठाया।यह कठिन परीक्षा अप्रैल 2018 में शुरू हुई, जब आरोपी ने पीड़िता को आश्वस्त किया कि उसका पति एक दुष्ट जादू के अधीन था। शांति बहाल करने के लिए उन्होंने जोर देकर कहा कि वह कुछ अनुष्ठानों में भाग लें। जब वह अकेली होती थी तो ये अपराधी उसके आवास पर आते थे, उसे ''पंचामृत'' पिलाते थे, जो वास्तव में एक नशीला पेय था, और फिर उसका यौन उत्पीड़न करते थे। ये घटनाएं ठाणे के येऊर जंगल, कांदिवली में एक धार्मिक संस्थान और लोनावाला में एक रिसॉर्ट जैसे स्थानों पर सामने आईं। यौन हमलों के अलावा, आरोपी ने पीड़िता से सोना और पैसा भी वसूला, यह आरोप लगाते हुए कि शांति, समृद्धि और उसके पति के लिए एक सुरक्षित सरकारी नौकरी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न अनुष्ठानों के लिए इनकी जरूरत थी। अपराधी कुल 2.10 लाख रुपये नकद और कीमती सोने के सामान लूटने में सफल रहे।

# ओबीसी आरक्षण पर उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस का बड़ा बयान

## राज्य सरकार की भूमिका के बारे में बताया...

नागपुर : राज्य सरकार का रुख है कि ओबीसी को आरक्षण में भाग नहीं लेना चाहिए. इसलिए उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने ओबीसी समुदाय से अनशन खत्म करने और कोई आंदोलन नहीं करने की अपील की है. उन्होंने यह भी कहा कि वह नागपुर में ओबीसी आंदोलन का दौरा करेंगे और उनसे अनशन खत्म करने का अनुरोध करेंगे. उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस ने आज नेशनल ओबीसी फेडरेशन और ऑल-यूनियन ओबीसी कुनबी ओबीसी फेडरेशन की ओर से नागपुर में क्रमिक भूख हड़ताल का दौरा किया और उनकी मांगों को समझते हुए उन्हें संबोधित किया। इस मौके पर बबनराव तायवाड़े, सुधाकरराव कोहले, समीर मेघे, परिणय फुके, आशीष देशमुख, प्रवीण दटके समेत कई अन्य नेता भी मौजूद थे.



इस मौके पर देवेन्द्र फड़णवीस ने कहा कि उन्होंने संभाजीनगर के अनशनकारियों से भी मुलाकात की. ओबीसी के लिए आरक्षण से नए प्रवेश नहीं होंगे या कमी आएगी। राज्य सरकार का यह दृढ़ रुख है कि ओबीसी के साथ कोई अन्याय नहीं किया जाएगा। मराठा समुदाय की अपेक्षा है कि वह आरक्षण वापस मिले जो मेरे मुख्यमंत्री रहने के दौरान दिया गया था। इसके लिए क्यूरेटिव पिटीशन दायर की गई है जस्टिस. भोसले समिति द्वारा सुझाए गए उपायों को भी अपनाया गया है। अब इसे लें शिंदे समिति का गठन किया गया। यह उन लोगों की जांच करने के लिए एक समिति है जो मानते हैं कि वे पहले कुनबी थे और बाद में उन्हें मराठा घोषित कर दिया गया था। इनकी रिपोर्ट एक माह में आ जाएगी। ऐसी कोई स्थिति नहीं है कि दो समुदाय एक-दूसरे के खिलाफ खड़े हों और न ही सरकार ऐसी सोच रही है. देवेन्द्र फड़णवीस ने यह भी कहा कि हमारी राय है कि हर समाज की समस्याओं का समाधान स्वतंत्र रूप से होना चाहिए। हमने ओबीसी समुदाय के लिए 26 अलग-अलग जीआर तैयार किए थे। उनमें से कई निर्णय क्रियान्वित हो चुके हैं और कुछ क्रियान्वित हो रहे हैं। छात्रावासों को लेकर कल प्रत्येक जिले में बैठक हुई। कुछ जगहों पर तो उन्होंने किराये पर भी जगह लेने की तैयारी कर ली है. छात्रवृत्ति संबंधी समस्याओं का समाधान कर लिया गया है। अब ओबीसी के लिए 10 लाख घरों की मोदी आवास योजना लागू करने का निर्णय लिया गया है. उन्होंने बताया कि आपकी अन्य मांगों को लेकर आगामी सप्ताह में राष्ट्रीय ओबीसी महासंघ एवं अन्य संगठनों की संयुक्त बैठक मुंबई में होगी. देवेंद्र फड़नवीस ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल विश्वकर्मा योजना लॉन्च करेंगे, जो ओबीसी के लाभ के लिए एक योजना है।




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# कैमरे और आईने का डर

हमें बचपन से दो चीजों का शौक रहा। पहला फोटो खिंचवाने का और दूसरा दर्पण के सामने खड़े होकर अपने आप को निहारने का। दोनों में एक बात कामन हुआ करती थी और वह थी कि दोनों में ही भांति-भांति के पोज बनाने की सुविधा रहती थी। वक्त बदला। सेल्फी का दौर आ गया। हाथ-हाथ में मोबाइल है इसलिए हम भी बदल गए हैं। अब तो हमारे लिए कैमरा और आईना, दोनों ही डराने का सबब हो गए हैं। हाल यह है कि कैमरा देखते ही अपन दाएं-बाएं खिसक लेते हैं और दर्पण के सामने जाने से डर लगने लगता है। तो इसे कहते हैं समय का बदलाव। यह कैमरा हमारे चरित्र की कलई खोलने पर आमादा दिखता है और आईना है कि चेहरे की पोल-पट्टी खोलने लग जाता है। क्या ऐसा सिर्फ हमारे ही साथ हो रहा है? नहीं भाई, कतई नहीं। अब तो हम समाज में जिसको भी देखते हैं, वही कैमरे और आईने से भागने लग गया है। आज के अधिकांश लोग सत्य का सामना करने का साहस नहीं जुटा पा रहे हैं। झूठ न कैमरा बोलता है, न आईना। आज के इंसान के चेहरे इस लायक ही नहीं रहे कि वे सच को बर्दाश्त कर सकें। हम एक विवाह समारोह में गए थे। वहां पर भी कैमरे की जद में थे। ज्यों ही खाने के लिए प्लेट में तरह-तरह के पकवान रखे और पहला कौर मुंह में डाला ही था कि कैमरामैन सामने आ गया। चमकाने लग गया फ्लैश लाइट। उस फ्लैश लाइट का ऐसा रिफ्लेक्स एक्शन हुआ कि दाएं हाथ में पकड़ी रोटी बाएं हाथ होते हुए अपनेआप ही प्लेट में वापस आ गई। ठीक वैसे ही जैसे क्रिकेट में एक्शन रिप्ले दिखाया जाता है। जहां पर खाने की भी रिकार्डिंग हो रही हो, वहां भला कोई चीज कैसे गले के नीचे उतर सकती है?

मैं सोचने लग गया, बाद में घर वाले इस शादी की वीडियो रिकार्डिंग देखेंगे और कहेंगे व्यवहार-बरतौनी दी दो सौ रुपये और अगला कैटरर के पांच सौ रुपये की प्लेट पर ऐसे हाथ साफ कर रहा है, गोया बरसों से भूखा हो। उसी शादी में एक और वाकया हो गया। नाराज फूफा और जीजा ने कैमरे के सामने आने से यह कह इन्कार कर दिया कि उन्हें नए लड़के मनमाफिक नागिन डांस नहीं करने दे रहे हैं। उन्होंने बारात का बहिष्कार कर दिया और मोर बन गए। उनका कहना था कि कोई देखे या न देखे, वे जंगल में जाकर नाच लेंगे, मगर इस विवाह में हरगिज नहीं नाचेंगे। आईने की तो पूछिए ही मत। आजकल अपना ही प्रतिबिंब कंकाल नजर आता है। आंखों में जबसे बेईमानी का मोतियाबिंद उतरा है, चश्मे के बिना ही जमीर का चेहरा स्पष्ट दिखने लगा है। स्वयं को ही मुंह दिखा पाना कठिन हो गया है। छोटी-मोटी बेईमानियां तो हमने भी की ही हैं। माना कि कभी कोई रिश्वत नहीं ली, क्योंकि इसके अवसर नहीं थे या फिर वह रकम इतनी छोटी हुआ करती थी कि शर्म आती थी लेने में। फिर भी पचास-सौ फर्जी काम तो किए-कराए ही होंगे। और तो और, अपने तमाम काम कराने के एवज में कितनों को रिश्वत भी दी है। कभी ट्रेन में रिजर्वेशन की सीट के लिए और कभी सरकारी महकमे में शीघ्र काम कराने के वास्ते। कभी बिजली की चोरी की है, कभी टैक्स की। कामचोरी तो खैर ताजिंदगी की ही है। अंतरात्मा पर कालिख की मोटी परत जम गई है। जिसको पीठ पीछे गालियां देता रहा, जरूरत पड़ी तो सार्वजनिक तौर पर उसके पांव तक छुए। ऐसे में स्वार्थ के अंधे को दर्पण से डर लगना स्वाभाविक ही है। हम भी एकांत में अपने से खौफ खाते हैं। दर्पण नहीं चिटका, हम ही अंदर से चिटक गए हैं। हम-खयाल साथियों, हम तो कैमरे और आईने से इसलिए डरते हैं कि अपन कहीं किसी लफड़े में फंस गए तो कौन बचाएगा? आम लोग हैं हम। हमारी पहुंच न सरकार तक है, न भगवान तक। दोनों से ही भयभीत रहना पड़ता है। बाहर सरकार से और भीतर अपने भगवान से। मगर आज वे लोग क्यों डर रहे हैं, जिनकी पहुंच सरकारों में भी है और भगवान भी जिनका कुछ नहीं बिगाड़ पाता। उन्हें भला स्टिंग आपरेशन, मीडिया कवरेज, चैनलिया बहस आदि से घबराने की क्या आवश्यकता है?


+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# चेंबूर विजय नगर में गंदगी काचरे की दुर्गंध के बीच नरकीय जीवन जीने को मजबूर नागरिक

## पूर्व भाजपा नगरसेवक शिवगण महादेव की प्रभाग की उपेक्षा के कारण नाराज जनता

फिरोज सिद्दीकी

**मुंबई :** मुंबई मनसे विधानसभा अधक्ष्य माऊली थोरवे ने चेंबूर विजय नगर में गंदगी काचरे की दुर्गंध के बीच नरकीय जीवन यापन करने वाले नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल स्वच्छता का झाडू लगाना चाहिए । वहीं दुसरी ओर पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी पूर्व भाजपा नगरसेवक महादेव शिवसेगण द्वारा छोड़े गये लादी कारण , गल्लीयो की जर्जर व्यवस्था ,गटर , नालों, शौचालयो में बड़े पैमाने पर फैली गंदगी ,स्वच्छता का आभाव में नरकीय जीवन जीने वाले नागरिकों की सुध लेने के लिए कोई नही है ।जिससे पूर्व नगरसेवक शिवगण महादेव को लेकर जनता में आक्रोश व्यप्त है । स्थानीय नागरिकों की अगर मानें तो दूसरी बार मौका दिया पर कार्यकाल के दौरान विजयनगर की कभी सुध लेने नही आये । बताते




है की गंदगी से प्रभावित रहीवासिय इलाकों में जानलेवा बीमारियों के बीच मरने के लिए छोड़ दिया हैं । माऊली थोरवे नें कहा की अगर समय रहते अविलंब सफाई अभियान नही चलाया गया । तो मनसे स्टाइल में संबंधित विभाग अधिकारियो को गंदगी दुर्गंध के बीच प्रभावित रहवासीय इलाके में एक दिन बांधकर रखेंगे तब जाकर इन्हें नागरिकों की समस्या से अवगत ज्ञात होगी । वही प्रभाग के नगरिक



समस्याओं की खबर कवर करने आये पत्रकारों से बातचीत करते हुए नागरिकों से कहा की भ्रष्ट मनपा अधिकारियो और ठेकदारों को फायदा पहुंचाकर अपनी जेबें भरने वाले अधिकारियो के खिलाफ खुलकर शिकायत करे ।इतना हीं नहीं नागरिकों से आगमी मनपा चुनावों को देखते हुए पूर्व नगरसेवक आपके हाथ पैर जोड़ते है वोट के लिए ऐसे धोखेबाजों जनप्रतिनिधियों की असली जगह चुनावों में उनकी जमानत जब्त करवाकर हराना चाहिए । वही जब से मामले में अधिक जानकारी के लिए प्रभाग के पूर्व भाजपा नगरसेवक महादेव शिवगण से फोन पर संपर्क साधा पर संपर्क नहीं हो सका ।

## पिछले पांच वर्षों में ३३.७ फीसदी महंगाई...



**मुंबई :** एक रिपोर्ट के अनुसार, हिंदुस्थान पिछले पांच वर्षों में ३३.७ फीसदी महंगाई के साथ दुनिया में दूसरे नंबर पर है। खाने-पीने की वस्तुएं से लेकर पेट्रोलियम, वाहन, आवास आदि के क्षेत्रों में रोजाना बढ़ती महंगाई ने आम हिंदुस्थानियों की कमर तोड़ दी है। रिपोर्ट के अनुसार, पांच साल की मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर नजर डालें तो तुर्की ३१२ प्रतिशत की मुद्रास्फीति दर के साथ सबसे आगे है। उस अवधि के दौरान विकसित देशों में मुद्रास्फीति समूह औसत से नीचे रही। पिछले पांच सालों में जी-२० देशों में महंगाई औसतन २८.१ फीसदी की दर से बढ़ी है। हिंदुस्थान ३३.७ प्रतिशत मुद्रास्फीति के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि ब्राजील ३१.७ प्रतिशत मुद्रास्फीति के साथ तीसरे स्थान पर है। मैक्सिको में पिछले पांच वर्षों में मुद्रास्फीति २८.९ प्रतिशत बढ़ी है। यदि हम १० वर्षों पर विचार करें तो तुर्की मुद्रास्फीति में अग्रणी है।

## मनीष चिताले की खंडपीठ ने स्वदेशीमील कामगारों के हक में फैसला सुनाया



**मुंबई ( फिरोज सिद्दीकी )** बीस वर्ष पूर्व बंद हुई कुर्ला की स्वदेशी मिल कामगारों के हक का फैसला आया है । मनीष चिताले की खंडपीठ ने मिल व्यवस्थापन को तीन महिने के भीतर स्वदेशीमील कामगारों को उनका हक का घर मुफ्त में तथा बकाया पगार को लिक्विडेटर के पास जमा करवाने के लिए कहा ।

उल्लेखनीय तौर पर हाई कोर्ट के इस फैसले से जहां 700 कामगारों,टाटा नगर के 125 कामगारों के परिवार में हक का घर वा बकाया पगार की रकम दीये जाने पर खुशी का माहोल व्यप्त है । वहीं इस कोर्ट कचहरी की लड़ाई में सभी का योगदान देने वालो का मिल कामगारों ने आभार जताया ।परंतु विशेष आभार शिवसेना शिंदे गुट विधायक मंगेश कुंडलकर का आभार व्यक्त करते हुए कहा की बगैर साहेब के हाथ लगाया ये संभव न हो पाता ।

मंगेश कुंडलकर ने कहा की स्वदेशीमिल कामगारों ने बीस वर्ष पुरानी कोर्ट कचेहरी की लड़ाई लड़ कर आज हाई कोर्ट ने कामगारों के हक में फैसला सुनाया है ।यह बड़ी खुशी की बात है मेरे पिताजी भी गिरणी कामगार थे ।जिससे मैं स्वदेशी मिल कामगारों की समस्या से भली भांति परिचित था ।मंगेश कुंडलकर ने कहा की स्वदेशी कामगारों के हक दिलाने के हर काम में अग्रणी भूमिका आदा किया है ।जिसदिन कामगारों का बकाया रुपया मिलेगा उस दिन अपने हाथो से उनको दूंगा । मैंने भी प्राण किया है जब तक कामगारों का पैसा नही मिलता तब तक अपना सम्मान के तौर पर एक फूल भी ग्रहण नहीं करूंगा ।जिसदीन हक का घर और बकाया रुपया मिलेगा तब कामगारो का सम्मान स्वीकारूंगा।

## नागपुर के पास 211 किलोग्राम गांजा ले जा रहे ट्रैक्टर को रोका गया... दो गिरफ्तार



**नई दिल्ली :** राजस्व खुफिया निदेशालय ने रविवार को कहा कि दो लोगों को गिरफ्तार किया गया, जो 42.20 लाख रुपये मूल्य का 211 किलोग्राम गांजा ले जा रहे थे, जिसे नागपुर के पास रोका गया। डीआरआई ने बताया कि ट्रैक्टर से कुल 100 पैकेट गांजा बरामद किया गया. ''राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) नागपुर ने तड़के नागपुर के पास मौदा टोल (एमएच) पर एक ट्रैक्टर (ट्रॉली से जुड़ा हुआ) को सफलतापूर्वक रोका और 100 पैकेजों में पैक किया गया 42.2 लाख रुपये मूल्य का 211 किलोग्राम गांजा जब्त किया।'' आधिकारिक बयान में कहा गया है.

अधिकारियों के मुताबिक, दो लोगों की गिरफ्तारी नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के प्रावधानों के तहत की गई है. आगे की जांच चल रही है. इससे पहले आज, राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने एक नाइजीरियाई नागरिक को पकड़ा, जो अधिकारियों के अनुसार नई दिल्ली से मादक पदार्थों की तस्करी सिंडिकेट का मास्टरमाइंड है। डीआरआई के अनुसार, खुफिया एजेंसी ने इससे पहले 28 जून, 2023 को एक कूरियर टर्मिनल से 500 ग्राम कोकीन जब्त की थी और महाराष्ट्र के मुंबई के नालासोपारा इलाके से सावधानीपूर्वक नियोजित नियंत्रित डिलीवरी ऑपरेशन के दौरान 2 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया था।




# ब्लड कैंसर के इलाज में बड़ी चुनौती...

## मैचिंग डोनर से स्टेम सेल ट्रांसप्लांट की तलाश करनेवाले मरीजों में मांग और आपूर्ति में भारी अंतर



**मुंबई :** मुंबई ब्लड कैंसर के इलाज में बड़ी चुनौती का सामना कर रहा है। इस स्थिति को देखते हुए विशेषज्ञों ने स्टेम सेल दान के लिए गैर सरकारी संगठन डीकेएमएस बीएमएसटी फाउंडेशन इंडिया के साथ पंजीकरण करने का आग्रह किया है, ताकि जरूरतमंद संगत स्टेम कोशिकाओं की कमी से निपट सकें। मिली जानकारी के अनुसार, दुनियाभर में ४१ मिलियन से अधिक डोनर पंजीकृत हैं। हिंदुस्थान में मैचिंग डोनर से स्टेम सेल ट्रांसप्लांट की तलाश करनेवाले मरीजों में मांग और आपूर्ति में भारी अंतर है। जीवनरक्षक प्रत्यारोपण चाहनेवाले भारतीय रोगियों के लिए एक उपयुक्त ब्लड स्टेम सेल दाता ढूंढना एक गंभीर बाधा बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि स्टेम सेल प्रत्यारोपण में एक स्वस्थ दाता से रक्त वैंछसर, थैलेसीमिया, अप्लास्टिक, सिकल सेल एनीमिया जैसे रक्त विकारों से पीड़ित रोगी में स्टेम कोशिकाओं का आधान शामिल होता है। हिंदुस्थान में स्टेम सेल प्रत्यारोपण के माध्यम से इलाज करते समय रक्त कैंसर के रोगियों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। एचएलए (ऊतक प्रकार) की कमी के कारण मरीजों को बीमारी की चपेट में आने से पहले उपयुक्त दाता ढूंढने की होड़ में लगना पड़ता है। चिकित्सकों का कहना है कि हिंदुस्थान में हर पांच मिनट में एक व्यक्ति में ब्लड कैंसर और रक्त विकारों का पता चलता है। ऐसे में कई रोगियों को एक सफल स्टेम सेल प्रत्यारोपण के लिए एचएलए (ह्यूमन ल्यूकोसाइट एंटीजन) से मेल खानेवाले दाता की आवश्यकता होती है। हालांकि, केवल कुछ ही मरीजों को उनके परिवार में एचएलए मिलानवाला डोनर मिलता है। दूसरी तरफ लगभग ७०-८० फीसदी मामलों में मरीज मैच्योर डोनर की तलाश करते हैं

# राज्य में नए वोटर बढ़े! ६.४ लाख आवेदन पात्र, ७० हजार आवेदन अपात्र

**मुंबई :** महाराष्ट्र राज्य में बढ़ते मतदाताओं की संख्या को देखते हुए राज्य में अब आगामी लोकसभा चुनाव के लिए २ हजार नए मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। इस वर्ष राज्य में १०.३२ लाख युवाओं ने मतदाता सूची में अपना नाम शामिल करने के लिए आवेदन किया है। फिलहाल, राज्य में ९६,८६६ मतदाता केंद्र हैं। अब यह संख्या बढ़कर ९८,८६६ हो जाएगी।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि राज्य चुनाव आयोग को मतदाता पंजीकरण के लिए १०.३२ लाख आवेदन प्राप्त हुआ है। १०.३ लाख नए मतदाता आवेदनों में से लगभग ६.५ लाख को मंजूरी दी गई है। अधिकारियों ने कहा कि आवेदन प्रक्रिया की स्क्रूटनी तेज कर दी गई है। उन्होंने कहा कि डेटा अधूरा होने के कारण ६०,८०९



आवेदन खारिज कर दिए गए हैं। अब भी ३.२३ लाख आवेदन आकलन करने की प्रक्रिया में हैं। ऑनलाइन आवेदन की सुविधा के अलावा घर-घर जाकर पंजीकरण अभियान मध्यम से यह संख्या बढ़ेगी।

एक अधिकारी के अनुसार, मतदाताओं की अंतिम सूची का आकलन करने के बाद अधिक मतदान केंद्र या सहायक मतदान केंद्र स्थापित करने पर निर्णय लिया जाएगा। राज्य चुनाव आयोग को नए पंजीकरण, मतदाताओं का नाम निकालने या पता परिवर्तन के लिए कुल २३.०४ लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से १३.५ लाख को मंजूरी दी गई है और १.२२ लाख को खारिज कर दिया गया है।

वर्तमान में राज्य में ९६,८६६ मतदान केंद्र हैं और नए मतदाताओं के पंजीकरण के चल रहे अभियान के साथ लगभग २,००० मतदान केंद्र जोड़े जाएंगे। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्रत्येक मतदान केंद्र में शहरी क्षेत्रों के लिए अधिकतम १,५०० मतदाता और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए १,२०० मतदाता होने चाहिए। चुनाव आयोग जोर-शोर में मतदाता सूची व्यवस्थित करने में जुटी है। लगभग ७.८२ करोड़ मतदाताओं के विवरण सत्यापित किए जा चुके हैं।

# महाराष्ट्र के अमरावती में एक वाहन खड्डे में गिरा, तेलंगाना के चार लोगों की मौत




**अमरावती :** महाराष्ट्र के अमरावती जिले में रविवार सुबह एक वाहन खड्डे में गिर गया जिससे तेलंगाना के चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अविनाश बारगल ने बताया कि घटना परतवाड़ा-चिखलदरा रोड पर मोथा गांव के पास हुई। एसपी ने प्राथमिक जानकारी का हवाला देते हुए बताया कि तेलंगाना के आठ लोग एक वाहन से सफर कर रहे थे तभी उनका वाहन खड्डे में गिर गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना के समय कोहरा होने से दृश्यता कम थी। उन्होंने कहा कि पीड़ित संभवतः जिले के पर्यटक स्थल चिखलदरा की ओर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में वाहन सवार चार लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य घायल हैं। एसपी ने बताया कि घायलों को अमरावती के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# आरपीएफ कांस्टेबल ने सीपीआर देकर बचाई यात्री की

**मुंबई :** मुंबई की कुर्ला रेलवे स्टेशन पर साईनाथ मुकेश यादव ने एक यात्री की जान सीपीआर देख बचाई दरअसल मामला कुछ इस प्रकार से है प्लेटफार्म नंबर 8 पर एक यात्री की तबीयत अचानक से बिगड़ गई और उसे सीने में दर्द होने लगा और वे बेहोश हो गया मौके पर मुकेश यादव ने उसे यात्री को



सीपीआर देकर उसकी जान बचाई और उसे उपचार के लिए भेजा गया हालांकि बताया जा रहा है यात्री की तबीयत अब ठीक है ऐसे मैं मुकेश यादव की सिपीआर देने से बच्ची यात्री की जान की जितनी सारण की जाए उतनी ही काम है।

# दुष्कर्म मामले में ठाणे की पॉक्सो अदालत ने एक व्यक्ति को बरी किया



**ठाणे :** ठाणे की एक विशेष पॉक्सो अदालत ने भिवंडी के रहने वाले एक व्यक्ति को दुष्कर्म के एक मामले में बरी कर दिया। 28 वर्षीय व्यक्ति पर 30 जुलाई, 2013 को नौवीं कक्षा की एक लड़की का अपहरण करने तथा अपनी बहन के घर पर तीन दिनों तक उससे दुष्कर्म करने का आरोप था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, आरोपी व्यक्ति ने भिवंडी और शाहपुर में अपने रिश्तेदारों के घरों में भी छात्रा से दुष्कर्म किया था। बाद में, छात्रा के पिता को जब घटना के बारे में जानकारी मिली, तब उसने उस साल अगस्त में पडगा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, उक्त व्यक्ति पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दुष्कर्म और अन्य अपराधों का आरोप लगाया गया था।

# मावा और मिठाइयां बेचने वाले प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करने के लिए विशेष निरीक्षण अभियान

**मुंबई :** गणेश चतुर्थी का त्योहार करीब है तो ऐसे में मिठाइयों की दुकानों में मोदक की भरमार है। लेकिन मिठाइयों की आड़ में मिलावटखोरों की चांदी हो रही है। बाजारों में कई मिलावटी मिठाइयां बिक रही हैं तो ऐसे में मोदक संभलकर खाना होगा। इसे गंभीरता से लेते हुए मनपा के स्वास्थ्य विभाग ने मुंबई में मावा और मिठाइयां बेचने वाले प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करने के लिए विशेष निरीक्षण अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत मिठाइयों में मिलावट करनेवाले मिलावटखोरों पर नकेल कसा जाएगा। साथ ही गणेशोत्सव, नवरात्रि, दशहरा, दिवाली और क्रिसमस जैसे त्योहारों की पृष्ठभूमि में मावा, मिठाई की दुकानों, मावा भण्डारण शीतगृहों का गहनता से निरीक्षण किया जाएगा।



उक्त जानकारी मनपा में कार्यकारी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दक्षा शाह ने दी। जानकारी के अनुसार, मिठाई में सीधे कुछ नहीं मिलाया जाता है, बल्कि इसे बनाते वक्त इस्तेमाल होनेवाले दूध, मावा, चांदी के वर्क, चीनी या तेल में मिलावट की जाती है। जैसे चांदी के वर्क में एल्यूमिनियम मिला दिया जाता है। दूध में यूरिया, रंग, वाशिंग पाउडर मिला देते हैं। घी में चर्बी मिला दी जाती है। मावा में अरारोट, चीनी मिला दी जाती है। मिठाइयों में मिलावट को देखते हुए त्योहार के दौरान मुंबई में मावा-मिठाई बेचनेवाले प्रतिष्ठानों का मनपा का स्वास्थ्य विभाग निरीक्षण करेगा।

कार्यकारी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दक्षा शाह के अनुसार, मनपा के सभी चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारियों और स्वच्छता निरीक्षकों को गणेशोत्सव, नवरात्र, दशहरा, दिवाली और क्रिसमस त्योहारों की पृष्ठभूमि में एक सितंबर से ३१ दिसंबर तक विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

मनपा प्रशासन ने नागरिकों से अपील किया है कि यदि मिठाइयों का रंग बदल जाए, तेज गंध आए अथवा फंगस मिले तो ऐसी मिठाइयों का सेवन न करें। साथ ही यदि ऐसे पदार्थ मिलने पर वे मनपा के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के विभागीय चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के संज्ञान में लाएं।

# महाराष्ट्र के अमरावती में भीषण सड़क हादसा... 200 फीट गहरी खाई में गिरी कार, चार लोगों की हुई मौत

**अमरावती :** महाराष्ट्र के अमरावती के मडकी गांव के पास रविवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां एक कार अनियंत्रित होकर 200 फीट गहरी खाई में जा गिरी। इसमें 4 लोगों की मौत हुई है। इसके साथ ही चार अन्य लोग घायल हुए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनकी हालात नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, रविवार को अमरावती-चिखलदरा रोड पर मडकी गांव में एक कार के 200 फीट गहरी खाई में गई। हादसे के दौरान कार में तेलंगाना की एक बैंक अधिकारी सवार थे। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि उनकी मारुति अर्टिगा कार घने कोहरे के कारण नियंत्रण खो बैठी और सड़क से उतरकर मडकी गांव के पास एक घाटी में गिर गई। मृतक यात्रियों की पहचान शेख सलमान शेख चांद, शिव कृष्ण अदंकी, वैभव लक्ष्मण गुल्ली, और वनपरथी कोटेश्वर राव के रूप में की गई है। वहीं घायलों की पहचान जे श्यामलिंगा रेड्डी, सुमन कटिका, योगेश यादव और हरीश मुथिनेनी के रूप में हुई है।



वहीं इससे पहले 11 सितंबर को मुंबई में मरीन ड्राइव की तरफ जा रही कार भी हादसे का शिकार हो गई थी। इसमें भी 2 लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने बताया था कि तेज रफ्तार कार के डिवाइडर से टकरा जाने के कारण यह हादसा हुआ था। हादसे के बाद कार में आग लग गई। हादसे के दौरान केवल 3 लोग ही कार से बाहर निकल पाए, जबकि 2 लोगों की आग में जलने की वजह से मौत हो गई थी। एक अधिकारी ने इस हादसे को लेकर बताया था कि कार सवार सभी लोग मानखुर्द इलाके के रहने वाले थे। ये लोग रविवार के दिन घाटकोपर में एक पार्टी में गए थे, जिसके बाद ये सभी मरीन ड्राइव घूमने जा रहे थे, तभी ये हादसा हुआ था।




# ड्रग्स के मामले में नाइजेरियाई गिरफ्तार

**मुंबई** : डीआरआई ने पिछले महीने मुंबई में जब्त किए गए ड्रग्स के मामले में दिल्ली से एक नाइजेरियाई नागरिक को दिल्ली के उत्तम नगर से गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसे मुंबई लाया गया और अदालत में पेश किया गया है। जहां से पुलिस ने उसे डीआरआई के हिरासत में भेज दिया है। डीआरआई की टीम मामले की अधिक जांच करने में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक संबंधित मामले में जिस नाइजेरियाई आरोपी की रफ्तार किया गया है, वह इस पूरे ड्रग्स सिंडिकेट का मुख्य आरोपी है। इसी के इशारों पर कोकीन के ड्रग्स का व्यवसाय चलता था। इस व्यवसाय को चलाने के लिए आरोपी कहां से ड्रग्स मांगता था और इसके पीछे कौन लोग होते थे, इस पूरे मामले की जांच डीआरआई की तरफ से की जा रही है। डीआरआई यह भी जानने की कोशिश कर रही है कि आरोपी के साथ और कितने लोग शामिल थे जो इस व्यवसाय को चला रहे थे। इससे पहले पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जिनसे पूछताछ के बाद और उनके डिजिटल उपकरणों के फोरेंसिक विश्लेषण की मदद से, डीआरआई ने नई दिल्ली से सिंडिकेट के मास्टरमाइंड पर ध्यान केंद्रित किया। इसके बाद फिर डीआरआई की टीम जांच करते हुए आरोपी तक पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। ममला जून महीना का है जब डीआरआई को एक कुरियर के पार्सल में से ड्रग्स मिला था। जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू किया और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। मामले में आरोपियों के पास मौजूद डिजिटल उपकरण जब्त कर जांच शुरू की गई और फिर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की अधिक जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।



# ३५५ तालुका में से सूखा प्रभावित हैं १९३

**मुंबई** : पिछले चार सप्ताह से राज्य के १९४ तालुकाओं में बारिश के मुंह मोड़ने से सरकारी मानदंडों के अनुसार, सूखा घोषित करने योग्य स्थिति उत्पन्न हो गई है। इन क्षेत्रों में बारिश नहीं हुई तो अक्टूबर के अंत में सूखा घोषित होने की संभावना है। इसके अलावा यह भी बताया गया है कि प्रदेश के ३५५ में से १९३ तालुका सूखा प्रभावित हैं। सूखे के संभावित संकट को ध्यान में रखते हुए पशुपालन, जलदाय व राजस्व विभाग तैयारी में जुटा है। प्रदेश की सरकार को आशंका है कि सूखे के संभावित संकट के कारण किसानों की आत्महत्याएं बढ़ेंगी। अब देखना दिलचस्प होगा कि सरकार क्या उपाय करती है। मराठवाड़ा, पश्चिम महाराष्ट्र और पश्चिम विदर्भ में सूखाग्रस्त तालुका हैं। राज्य के ३५५ में से १९३ तालुकाओं में १०० प्रतिशत, ५९ तालुकाओं में ७५ प्रतिशत, ६० तालुकाओं में ५० प्रतिशत, ३७ तालुकाओं में २५ प्रतिशत, जबकि चार तालुकाओं में २५ प्रतिशत से कम वर्षा हुई है। १९४ तालुकाओं में पिछले तीन-चार सप्ताह से बारिश ही नहीं हुई है। इसलिए इन तालुकाओं ने सूखे की घोषणा के चार चरणों में से पहला चरण पूरा कर लिया है। हालांकि, राहत व पुनर्वास विभाग के सूत्रों ने बताया कि अभी भी बारिश के दिन बाकी हैं।



इस बात को ध्यान में रखते हुए कि इस वर्ष कम वर्षा के कारण पशुओं के चारे में ४४ प्रतिशत की कमी हो सकती है। ऐसे में पशुपालन विभाग ने चारे को अनुकूलित करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। पश्चिमी महाराष्ट्र के कुछ जिलों ने पानी की कमी को लेकर एक प्रारूप बनाया है। राजस्व विभाग के सूत्रों ने कहा है कि ३० अक्टूबर से पहले सूखे की घोषणा नहीं की जा सकती है। जिन तालुकाओं में पहला चरण (ट्रिगर) पूरा हो चुका है, वहां फसल की स्थिति का सर्वेक्षण जल्द ही किया जाएगा। जनवरी से जुलाई २०२३ के बीच राज्य में १५५५ किसानों ने आत्महत्या की है।

# मीरा भयंदर-वसई विरार पुलिस से जुड़ी मानव तस्करी विरोधी इकाई ने गैरेज से बाल श्रमिकों को बचाया



**मुंबई** : मीरा भयंदर-वसई विरार (एमबीवीवी) पुलिस से जुड़ी मानव तस्करी विरोधी इकाई (एएचटीयू) ने दो नाबालिग लड़कों (11 और 15 वर्ष की आयु) को बचाया। नाबालिगों को भयंदर पूर्व में फ्लाई-ओवर-ब्रिज के पास एक ऑटोमोबाइल गैरेज में असुरक्षित परिस्थितियों में काम करते हुए पाया गया।नाबालिगों को काम पर देखने के बाद, एएचटीयू की गश्ती टीम ने दोपहिया वाहनों की मरम्मत के काम में लगे गैरेज में निरीक्षण किया।

यह सत्यापित करने के बाद कि दोनों लड़के 18 वर्ष से कम उम्र के हैं, पुलिस कर्मियों ने उनके नियोक्ताओं को पकड़ लिया और उन पर बाल और किशोर श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम -2015 (देखभाल और संरक्षण) की हाल ही में संशोधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। (बच्चों की) और आईपीसी की धारा 374। आरोपियों की पहचान कनिकराम गौतम (30) और चंद्रभान यादव (45) के रूप में हुई।

नियोक्ताओं ने नाबालिगों से अत्यधिक और खतरनाक काम कराकर उनका शोषण किया और उन्हें बेहद कम वेतन दिया। पुलिस ने कहा कि बचाए गए लड़के, जो उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हैं, उन्हें अपने परिवारों से मिलने तक बाल कल्याण गृह में ले जाया गया है। नवघर पुलिस स्टेशन के अधिकारी आगे की जांच कर रहे हैं।

# मुंबई से दून पहुंचे बप्पा, 19 को मूर्ति स्थापना... जानें देहरादून में कैसे हुई थी इस उत्सव की शुरूआत



**मुंबई** : दस दिन तक चलने वाले गणेशोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों से चल रही हैं। विभिन्न संगठनों की ओर से आयोजित होने वाले गणेशोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं, गणेश उत्सव मंडल धामावाला की ओर से आयोजित होने वाले गणेशोत्सव के लिए मुंबई से बप्पा की मूर्ति शनिवार को दून पहुंची।

19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के मौके पर मूर्ति की स्थापना की जाएगी।मंडल के कोषाध्यक्ष संतोष माने ने बताया, इस वर्ष की मूर्ति को विशेष रूप से तैयार किया गया है। मूर्ति में भगवान गणेश के साथ राममंदिर की झलक है। माने ने बताया, 19 सितंबर की शाम को साढ़े सात बजे दिगंबर भरत गिरी महाराज के नेतृत्व में मूर्ति स्थापना की जाएगी। 19 से 25 सितंबर तक सुबह शाम आरती के बाद रात को झांकियों का आयोजन किया जाएगा। 24 सितंबर को भंडारे का आयोजन होगा। 25 सितंबर को सुबह 11 बजे बप्पा की शोभायात्रा निकाली जाएगी। शाम सात बजे ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट में बप्पा की मूर्ति को विसर्जित किया जाएगा। इसके लिए लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

**गणपति बप्पा की मूर्तियों से सजे बाजार**

गणेशोत्सव को लेकर राजधानी दून में बप्पा की मनमोहक मूर्तियों से बाजार सजने लगे हैं। जगह-जगह छोटी-बड़ी दुकानें लगाई गई हैं। जहां तरह-तरह के गणेश की मूर्तियां बिकने के लिए आई हैं। शहर में कई जगह अस्थायी दुकानें लगी हैं। गणपति बप्पा की मूर्ति बनाने और बेचने वालों को आर्डर मिल रहे हैं। मूर्तिकार अलग-अलग डिजाइन और पैटर्न में गणेश प्रतिमा का निर्माण कर रहे हैं। खासकर चकराता रोड और पलटन बाजार में बप्पा की मूर्तियों के बाजार सजे हैं।

## 16 साल पहले दून में शुरू किया था गणेशोत्सव...

**मुंबई से करीब 16 साल पहले दून आए परिवारों ने गणेशोत्सव की शुरूआत की थी। इसके बाद से हर साल श्री गणेश उत्सव मंडल रिफाइनरी समिति सराफा बाजार की ओर से धामावाला में गणेशोत्सव भव्य रूप से आयोजित किया जाता है।**

# राजनीतिक लाभ के लिए देश में अशांति पैदा की जा सकती है - प्रकाश आंबेडकर



**मुंबई** : वंचित बहुजन आघाड़ी के अध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर ने एक महत्वपूर्ण मांग की है। लोकसभा चुनाव तक देश के ५ प्रमुख धार्मिकस्थलों की सुरक्षा की जिम्मेदारी एनएसजी या सशस्त्र बलों को दे दी जाए, क्योंकि चुनाव से पहले राजनीतिक लाभ के लिए देश में अशांति पैदा की जा सकती है और मंदिरों का उपयोग उस उद्देश्य के लिए किया जा सकता है, ऐसा दावा आंबेडकर ने किया है। प्रकाश आंबेडकर ने कहा कि जब लोकसभा के विशेष सत्र की घोषणा की गई तो हमने वंचित बहुजन आघाड़ी की ओर से अपनी भूमिका रखी थी कि यह एक फोटो सत्र है, जो एजेंडा कल सामने आया। उससे लग रहा है कि कहीं कोई गंभीर बिल नहीं है। राज्यसभा से मंजूर बिल को लोकसभा में मंजूरी दिलाना ही एकमात्र एजेंडा है। इसलिए दो हजार की नोटबंदी का दूसरा निर्णय हुआ तो चुनाव नवंबर में हो सकता है, ऐसी संभावना वंचित बहुजन आघाड़ी ने व्यक्त की है। इन दोनों के संदर्भ में २५ तारीख तक स्पष्ट होने की संभावना है।

पिछले नौ वर्षों की राजनीति पर नजर डालें तो एक समाज पर अत्याचार किया जा रहा है, जिसके माध्यम से आतंक निर्माण करने की कोशिश की जा रही है, ऐसी परिस्थिति है। बीच के दौर में औरंगजेब के नाम पर विवाद को बढ़ाने की कोशिशें की गई थीं, लेकिन वंचित बहुजन आघाड़ी के कारण विवाद वहीं थम गया है। अब मराठी विरुद्ध ओबीसी ऐसा विवाद पैदा करने की कोशिश होती दिखाई दे रही है। मतलब देश में अशांति कैसे रहेगी, इसका प्रयत्न शुरू है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। वंचित बहुजन आघाड़ी को मिली जानकारी के आधार पर प्रकाश आंबेडकर ने दावा किया है कि हिंदुओं के धार्मिकस्थलों पर हमला किया जा सकता है, जिन मंदिरों पर हमले की संभावना है, उसमें वाराणसी में ज्ञानवापी, अयोध्या में रामजन्मभूमि मंदिर, मथुरा का कृष्ण जन्मस्थान मंदिर, जम्मू कटरा में वैष्णो देवी मंदिर, दिल्ली में स्वामीनारायण मंदिर, अक्षरधाम मंदिर का समावेश है। भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस की प्रवृत्ति धार्मिक ध्रुवीकरण की है।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com